ग्रेट प्लेस टू वर्क® द्वारा वेदांता को भारत के शीर्ष 100 सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में स्थान

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। दुनिया की अग्रणी प्राकृतिक संसाधन, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी कंपनियों में से एक वेदांता समूह को ग्रेट प्लेस टू वर्क® इंडिया द्वारा भारत का शीर्ष 100 काम करने के लिए 2026 की बेहतरीन कंपनियाँ की सूची में शामिल किया गया है। यह सम्मान वेदांता की उस निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जिसके तहत कंपनी विश्वास, उत्कृष्ट प्रदर्शन और समावेशिता पर आधारित कार्यस्थल का निर्माण कर रही है, जहाँ कर्मचारियों को आगे बढ़ने, नवाचार करने और सार्थक योगदान देने के अवसर मिलते हैं। पिछले पाँच वर्षों में, वेदांता ने अपने व्यापक ईएसओपी कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना कार्यक्रम के माध्यम से कर्मचारियों के लिए लगभग ₹2,500 करोड़ की संपत्ति वेल्थ का सृजन किया है। साथ ही, कंपनी ने भारत के सबसे युवा और लगातार अधिक विविध होते कार्यबल का निर्माण भी किया है। आज कंपनी के 40 प्रतिशत कर्मचारी 30 वर्ष से कम आयु के हैं, महिलाएं कुल कार्यबल का 23 प्रतिशत हैं और कंपनी के विभिन्न व्यवसायों में लगभग 100 ट्रांसजेंडर प्रोफेशनल्स कार्यरत हैं। नेहा शर्मा, सीएचआरओ, वेदांता समूह ने कहा &quot यह सम्मान इस बात का प्रमाण है कि हम भविष्य के लिए वेदांता का निर्माण किस सोच के साथ कर रहे हैं, जहाँ प्रदर्शन, समावेशिता और स्वामित्व की भावना साथ-साथ आगे बढ़ते हैं।